Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-06-2022 | अंक 247

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# यदि झारखण्ड सरकार ध्यान दे तो रोजगार सृजन का केंद्र बन सकता है मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र बरसोत

## 22 एकड़ में फैला है मत्स्य बीज, 20 हज़ार लाख उत्पादन कि है क्षमता , फिर भी नही है सरकार ध्यान



देवानन्द कुमार





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड का सबसे बड़ा एवं इकलौता मत्स्य बीज (स्पॉन) उत्पादन केंद्र बरसोत विभागीय एवं प्रशासनिक उदासीनता का दंश झेल रहा है। 22 एकड़ में फैला यह केंद्र कभी झारखण्ड सरकार के मत्स्य विभाग को स्पॉन सप्लाई करने वाला यह केंद इन दिनों बदहाल है। क्योंकि इस केंद्र में स्पॉन तैयार तो हो रहा है लेकिन इनसे झारखण्ड सरकार स्पॉन न लेकर बंगाल से स्पॉन मंगवा रही है। यह केंद्र बरसोत मत्स्य सहयोग समिति के तहत संचा. लित है। समिति का संचालन मत्स्य मित्र देवानंद कुमार कर रहे है। देवानंद कुमार को मत्स्य बीज उत्पादन कर किसानों को रोजगार देने के नाम पर जाना जाता है। मत्स्य बीज उत्पादन करने को लेकर इन्हें जिला से राज्य तक ही नही बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया जा चुका है। लेकिन वर्तमान समय मे इनकी स्थिति काफी खराब है। इनकी माने तो 2018 तक सब कुछ ठीक ठाक था। पूरे हज़ारीबाग़ एवं कोडरमा को स्पॉन का सप्लाई करते थे। लेकिन इस विभाग में व्याप्त भ्र्ष्टाचार ने उनके मिशन में ग्रहण लगा दिया। देवानंद कुमार ने बताया कि साजिश के तहत उन्हें काली सूची में डाल दिया गया। दोष बस इतना ही था कि इन्होंने भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठायी थी। जिसके वजह से वे स्पॉन सप्लाई को लेकर टेंडर भी नही भर पा रहे हैं। बताया कि तत्कालीन डीएफओ कोडरमा ने उनसे इतना कम स्पॉन का डिमांड करने लगे कि उन्हें स्पॉन उत्पादन करने में नुकसान होने लगा। जान बूझ कर वे बंगाल से स्प०न मांगने लगे। जबकि वे पूरा कोडरमा जिला को लगभग 20 हज़ार लाख स्पॉन की सप्लाई कर सकते थे। भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल के उत्पादक कम स्पॉन की सप्लाई करते हैं और बिल ज्यादा का बनाते है। वही डिमांड हमसे भी किया जाने लगा था। मेरे को मना करने पर पहले डिमांड कम कर दिया गया। जब सहमत नही हुए तो ब्लैक लिस्ट में डाल दिया गया। उनके वजह से ही हज़ारीबाग़ डीएफओ भी स्पॉन सप्लाई नही ले रहे हैं और एक लाख रुपये भी बतौर सिक्योरिटी जब्त किए हुए हैं। बरसोत में संचालित यह स्पॉन केंद्र को ठीक से संचालित किया जाता तो सैकड़ो लोगो को रोजगार मिल पाता। जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपेक्षा के कारण इतना बड़ा केंद्र बदहाल है। देवानंद का आरोप है कि एक तरफ सरकार कहती है कि स्थानीय लोगो को प्राथमिकता दिया जाएगा, वही दूसरी ओर स्पॉन बंगाल से मंगवाकर अपने ही राज्य के किसानों को उपेक्षित कर रही है। उन्होंने मांग की इस केंद्र को सरकार खुद गोद लेकर अपने स्तर से संचालित करे या सरकारी स्तर पर सहयोग करे। ताकि पूरे झारखण्ड को मतस्य बीज (स्पॉन) का उत्पादन कर सप्लाई किया जा सके।

# घरेलू विवाद में आकर एक व्यक्ति ने की आत्महत्या

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत पांचमैल निवासी राजेश टोप्पो उम्र 45 वर्ष पिता पुरन उरांव ने बीते शाम खुदखुशी कर अपनी हत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश घेरलू विवाद परेशान होकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर पदमा पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। और घटना की छानबीन में जुट गई है। वहीं मृतक का अंतिम संस्कार सोमवार को उनके पैतृक गांव में किया गया।

# ब्रह्मा विद्या योग विहंगम द्वारा अखंड स्वर्वेद पाठ का आयोजन

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस में ब्रह्मा विद्या विहंगम द्वारा साप्ताहिक सत्संग के साथ साथ 25 वाँ सप्ताह होने के उपलक्ष में कृष्णा कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में स्वर्वेद पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान एवं मंगल गान सिकंदर सिंह, उदघोष कृष्णा कुमार गुप्ता,ज्ञान गुदड़ी किशोर सिंह, स्वर्वेद पाठ अखंड स्वर्वेद पाठ, ध्यान अमृतवाणी, वंदना, आरती, शांतिपाठ एवं झंडोतोलन सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर किशोर उर्फ शैलेंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, नकुलदेव राणा, राधा कृष्ण मेहता, समुंद्री देवी, चमेली देवी, यशोदा देवी, कैलाश प्रसाद केशरी, सुनीता देवी, पूनम कुमारी, सुरेश कुमार, शकुंतला देवी, आशा देवी, नागेश्वर प्रसाद केशरी, रामचंद्र राम, पप्पू कुमार, अनमोल राणा एवं राजदेव सिंह मौजूद थे।

# ज्वाहर घाट फॉरेस्ट गेस्ट हाउस के पास मिला एक अज्ञात व्यक्ति का शव,

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही जवाहर घाट के फारेस्ट गेस्ट हाउस के पास सोमवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने बताया की दोपहर बारह बजे बरही पुलिस को एक चरवाहा द्वारा इस शव के बारे में की सूचना मिली। बरही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जवाहर घाट पहुंचकर शव को तुरंत अपने कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। शव की फिलहाल शिनाख्त नही हो पाई है। उसकी उम्र लगभग 30 की बताई जा रही है। शव दो दिन पुराना लग रहा है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पहले उसकी हत्या की गई। फिर उसे इधर फेक दिया गया। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विधायक ने रसोइया धमना में किया पैक्स का उद्घाटन

**पेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




बरही विधायक उमा शंकर ने सोमवार को रसोईया धमना में फीता काटकर विधिवत रूप से पैक्स का उद्घाटन किया गया। वहीं विधायक के द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर धान का बीज भी वितरण किया गया। साथ ही साथ उन्होंने मौके पर सभी को संबोधित करते हुए कहा की किसानों के साथ खेती करने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए समय पर किसानों के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी की आवश्यक्ता को पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगा। क्योंकि किसान को अगर समय पर सिंचाई के लिए पानी मिलेगी तो तो किसान एक वर्ष में कम से कम अपने खेतों से तीन फसलों का लाभ ले सकता है और अपनी आय में वृद्धि कर सकता है साथ ही उन्होंने कहा की जिन किसान भाइयों को धान का बकाया राशि नही मिला है उसका बकाया राशि जल्द ही उनके खाते में दिलवाने के लिए सरकार से मैं अपनी बात रखूंगा। मौके पर बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पैक्स अध्यक्ष सुनील साहू, मुखिया गोविंद साहू, पंचायत समिति सदस्य तैयब अंसारी, हितेश कुमार, वीरेंद्र साहू, नरेश साहू एवं शाहिद अंसारी मौजूद थे।

# बिरहोर समुदाय के जमीन पर भूमाफियाओ की नजर

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा-प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरियौन में बिरहोर समुदाय को खाता 41 प्लोट 300 पर सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर भूमाफियाओ के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। बिरहोर समुदाय के लोगों ने 8 अक्टूबर 2018 को चलकुशा अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देकर सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन को चिंहित कर दबंग लोगों से बचाने का आग्रह किया है था। लेकिन आज तक किसी भी अंचल अधिकारी के द्वारा चिंहित नहीं किया गया। जिससे भोले भाले बिरहोर समुदाय के जमीन पर दबंग लोगों ने आए दिन अतिक्रमण किए जा रहा हैं।अब देखना यह है कि गरीब लोगों का मशिहा कोई बनता है आ नहीं।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह के वर्तमान विधायक सुदिव्य कुमार सोनू समेत कुल 22 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला में भू माफियाओं की काली करतूतों और दोहन शोषण को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहा है। इस बार मामला हाई प्रोफाइल है। गिरिडीह के वर्तमान विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित कुल 22 नाम. चीन लोगों के विरुद्ध जमीन संबंधित मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी करने सहित एससी एसटी अधिनियम के तहत मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डांडीडीह के टोला भलगड़ाहा स्थित जमीन से जुड़ी मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के भलगड़हा निवासी गोविंद दास ने उक्त जमीन को लेकर गिरिडीह न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया था। कोर्ट में दायर परिवाद पत्र के आधार पर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में मुख्य आरोपी गिरिडीह सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू, झामुमो गिरिडीह जिलाध्यक्ष संजय सिंह, प्रसिद्ध उद्योगपति सह मा. ेगिया टीएमटी के संस्थापक गुणावंत सिंह सलूजा एवं उनके पुत्र हरेंद्र सिंह उर्फ गिन्नी, उद्योगपति सह सलूजा गोल्ड के संस्थापक अमरजीत सिंह एवं उनके पुत्र तरणजीत सिंहव सत. विंदर सिंह, बलविंदर सिंह, कांग्रेस नेता नवीन चौरसिया, विकास चौरसिया, धर्मेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, मुकेश साव, संजय साव, नितेश राम, अजय महतो, संदीप वर्मा, महतोडीह पुलिस पिकेट के तत्कालीन प्रभारी, साथ ही 01फरवरी 2010से पूर्व कार्यरत तत्कालीन गिरिडीह अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी सहित 50-60अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण कोई भी पुलिस आधिकारी कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जूट गई है।

## विधायक ने दो विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

### क्षेत्र का चहमुखी विकास व जनसेवा हमारी प्राथमिकता : अमित

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा : विधायक अमित कुमार यादव ने सोमवार को प्रखण्ड क्षेत्र में दो अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास किया।जिसमें गैयपहाडी स्थित उक्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में पीसीसी निर्माण कार्य की आधारशिला रखी ।वहीं गैड़ा के प्रोजेक्ट हाई स्कूल के प्रांगण में 20 कमरों वाला भवन निर्माण के लिए पूजा अर्चना कर व फीता काटकर विधिवत रूप से शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद मौक़े पर विधायक लोगो की जनसमस्याओं को सुना एवं निराकरण का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के कारण विधानसभा क्षेत्र में शिलान्यास का कार्यक्रम रुका था। पंचायत चुनाव संपन्न होते ही क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्ट हाई स्कूल के प्रांगण के 20 कमरों वाला डबल स्टोरी का भवन बन जाने से स्कूल में कमरों का अभाव नही रहेगा।आगे भी स्कूल में अधूरे कार्य को कालांतर अवधि में पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने कहा पूरे विधानसभा क्षेत्र में और कई विकास के कार्य किये जायेंगे।हमारी प्राथमिकता क्षेत्र का सर्वांगीण विकास व जनसेवा है। नव निर्वाचित मुखिया कलावती देवी,दुर्गा प्रसाद,छोटे लाल मेहता,भोला प्रसाद,जागेश्वर प्रसाद,तुलसी प्रसाद, शिवकुमार,अवधेश राय, मुकेश राय,रतन पासवान,सरयू प्रसाद,श्यामा नायक, रामेश्वर यादव, राजेन्द्र प्रसाद यादव,विजय पासवान,इंद्रदेव यादव, श्रीकांत पांडेय,रंजीत रविदास, चंद्रदीप पांडेय,सिद्धेश्वर राय समेत लोग शामिल थे।

## बिरहोरों को मिला मई माह का अनाज

### डाकिया योजना के तहत बिरहोरों के घर तक प्रत्येक माह पहुंचाया जाता है अन्नाज : एम ओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- प्रखंड के एकमात्र आदिम जनजातियों में शुमार बिरहोरो का गांव बिरेखाप में सोमवार को पी टी जी के तहत डाकिया योजना के माध्यम से प्रत्येक बिरहोर परिवारों को अनाज दिया गया। यह अनाज कान्हाचट्टी एम ओ के निर्देश पर दिया गया। एम ओ शमीम अहमद ने कहा कि बिरहोरो को गरीब कल्याण योजना के तहत प्रत्येक माह अनाज दिया जाता है।आज भी इसी योजना के तहत बिरहोरों के गांव तक एवं बिरहोरों के घर घर अनाज पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह अनाज मई माह का है। प्रत्येक महीने बिरहोरों को दरवाजे तक अनाज सरकार के द्वारा पहुंचाया जाता है। मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष सुरेश यादव भी उपस्थित थे।

## जेपीएससी परीक्षा में सफल हुए सूर्यकांत कुमार को विधायक व पूर्व विधायक ने किया सम्मानित

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं निखारने की जरूरत विधायक अमित कुमार

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विकम सिंह**




चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गोपीडीह पंचायत चलकुशा निवासी सूर्यकांत कुमार ने सातवीं जेपीएससी परीक्षा में डीएसपी पद पर अपना परचम लहराया है सूर्यकांत कुमार की सफलता पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया विधायक ने चलकुशा पहुंच कर जेपीएससी परीक्षा में 105 वां रैंक हासिल कर डीएसपी पद पर परचम लहराने वाले सूर्यकांत कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने शॉल ओढ़ाकर कर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। जिसके बाद जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अशोक चौधरी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह चलकुशा मुखिया आलोक सिंह, सुखदेव यादव, केदार यादव , दशरथ यादव,शंकर ठाकुर ने माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है उसे सिर्फ निखारने की जरुरत है और उन्होंने कहा कि सूर्यकांत कुमार ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है इनसे इन विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर मुन्ना यादव, धीरेंद्र शर्मा, उमेश साव, बिंदेश्वर यादव,रहमान अंसारी एवं काफी संख्या में क्षेत्र के लोगों उपस्थित थे।

## कान्हाचट्टी के ब्यवसाई ने मनाया शादी की गोल्डन जुबली

### कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शिरकत कर दिया बधाई




**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कन्हाचट्टी प्रखंड के कान्हाचट्टी मुख्य बाजार के जाने-माने सीमेंट व्यवसाय महेंद्र प्रसाद केसरी अपने शादी के 50 साल पूरे होने पर गोल्डन जुबली ईयर पूरे धूमधाम के साथ मनाया।कार्यक्रम की शुरुवात शनिवार से ही हवन यज्ञ के साथ शुरू हुआ और रविवार को हवन यज्ञ की समाप्ति हुई।बताते चलें कि महेंद्र प्रसाद केसरी के विवाह आज से 49 वर्ष पहले हुआ था और इसी के उपलक्ष में जैसे ही रविवार की रात 50 वर्ष पूरा हुआ उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को अपने आवास पर एक डिनर पार्टी का आयोजन कर अपनी 50 वीं शादी की सालगिरह पूरे धूमधाम से मनाएं। इनके 50 वें सालगिरह पर प्रखंड के व्यवसायियों एवं प्रबुद्ध लोगों ने इन्हें बधाई दी है।हउवाग निवासी और पूर्व राजस्व कर्मचारी अवधेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इनकी शादी की 50 वीं वर्षगांठ पर लोगों ने जिस तरह से बधाई दी है ईश्वर की कृपा से निश्चित रूप से यह सेंचुरी अपनी सालगिरह का जरूर पूरा करेंगे। वहीं कन्हाचट्टी प्रखंड के कई लोगों ने इनसे मिलकर बधाई दी हैं ।वही व्यवस्थापक में इनके साथ इनके पुत्र जयप्रकाश केसरी, राजेश प्रसाद केसरी एवं पवन केसरी ने अहम भूमिका निभाई महेंद्र प्रसाद केसरी को 50वीं सालगिरह पर बधाई देने वालो में नवनिर्वाचित मुखिया घनश्याम पांसी ,लखन केशरी,रामदेव केशरी,अर्जुन केशरी, रामकुमार केशरी ,शंकर सिंह,सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है

## विहिप व बजरंग दल का शिलाडीह पंचयात स्तरीय बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा विहिप की बैठक करते लोग

बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर शिलाडीह में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का पंचयात स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव व संचालन जिला मंत्री प्रदीप सोनी जी ने किया।मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष अरविन्द मेहता थे।साथ ही बैठक में प्रखंड मंत्री सत्यम भारती व सुजीत मोदी , जिला परिषद प्रतिनिधि सीके पांडेय उपस्थित हुए।इस बैठक में सर्वसमिति से शिलाडीह पंचयात अध्यक्ष मुकेश कु पांडेय,उपाध्यक्ष बिंदेश्वर मंडल उर्फ जुमन मंडल व नरेश रवानी,मंत्री संजय भुइयां,संयोजक बिनोद कु साव,सत्संग प्रमुख प्रदीप पांडेय,सह संयोजक दीपक पांडेय,सह मंत्री सूर्यदेव प्रजापति,मिलन प्रमुख नागेश्वर मोदी,कार्यकारी सदस्य जागेश्वर यादव,मनोज पंडित,अभिषेक पांडेय,श्याम लाल पासवान,राज कु पांडेय,कुंदन सिंह,अजित मंडल, अवधकिशोर सिंह,रविन्द्र पांडेय,महेंद्र साव,धीरज साव को बनाया गया।बैठक में शुभम शर्मा,संदीप भुइयां,खूबलाल कुम्हार,अजय पंडित,बबलू पांडेय,महेश पंडित,इंद्रदेव रवानी,राजन चौधरी, मुरली ठाकुर,महेंद्र ठाकुर,अशोक ठाकुर समेत बड़ी संख्या में सनातनी उपस्थित हुए।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पिंडाटांड़ जंगल भूमि पर अवैध कब्जा करने को लेकर हल जोता

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में आज पर्यावरण दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया वहीं गिरिडीह वन प्रमंडल के तेलोडीह वन क्षेत्र स्थित पि. डाटांड़ वन भूमि पर कब्जा करने को लेकर एक व्यक्ती ने वन भूमि जहां पेड़ लगे हुए हैं को हल जोतकर कब्जा जमा लेने का मामला प्रकाश में आया है। पिंडाटांड़ के हरदापहरी स्थित अकेशिया जंगल की यह घटना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पि. डाटांड़ गांव में वन सुरक्षा समिति का गठन पिछले दिनों वन विभाग गिरिडीह के पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई है उसके बाद भी ऐसी घटना कई सवाल खड़े करती है। आख़रि वन सुरक्षा समिती क्या कर रही है? पिंडाटांड़ गांव में गठित वन सुरक्षा समिती ने पूरे पिंडाटांड़ पंचायत के ग्रामीणों को वन सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाई थी पिछले दिनों मगर कुछ लोग सभी नियम और कानून को ताक पर रखकर अपनी स्वार्थ सिद्ध करने से नही हिचकते हैं। ऐसे उदंड लोगों पर वन विभाग गिरिडीह और वन सुरक्षा समिती पिंडाटांड़ कड़ी कार्यवाही करे ताकि जंगल और जमीन दोनो का सरंक्षण हो सके। अपेम लाइव न्यूज दैनिक अखबार आप सभी लोगों से अपील करती है कि वन सुरक्षा को लेकर एक दूसरे को जागरुक करे और रोज एक पेड़ लगाएं और किसी भी तरह का कार्यक्रम आयोजित हो तो अतिथियों, विशिष्ट लोगों और पदाधिकारीयों को एक पौधा देकर सम्मानित करने का काम करे। वन है तो जीवन है इसे बचाएं और रोज पर्यावरण दिवस दिवस को सार्थक करें।

## वार्ड नंबर 20 में पूरी तरह से पुल निर्माण के पहले टूट कर अलग हुआ कुछ हिस्सा, स्थानीय लोगों ने घोर अनियमितता का लगाया आरोप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह : नगर निगम क्षेत्र के चेताडीह रोड स्थित वार्ड नंबर 20 के कमरसाली में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे पुल पूरी तरह से बनने के पहले कुछ हिस्सा टूट कर अलग हो गया। इससे साफ पता चलता है कि ठेकेदार द्वारा पुल निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार वासीम अंसारी द्वारा लगभग 10 लाख रुपए की लागत से इन दिनों पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। हालांकि पूल पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हुआ कि इसका कुछ हिस्सा टूटकर गिरने लगा जबकि बरसात आना बाकी है। लोगों ने कहा कि पुल निर्माण कार्य में जो भी मटेरियल का प्रयोग किया गया है वह थर्ड क्वालिटी का है। लिहाजा सिर्फ स्थानीय लोगों को किसी तरह पुल का ढांचा तैयार कर दिखाने के उद्देश्य निर्माण किया जा रहा है। लोगों ने बताया कि पुल टूट जाने के बाद अभी तक न ही निगम के कोई कर्मी और ना ही इंजीनियर आकर अभी तक इसका जायजा लिए है। वहीं स्थानीय महिला ने बताया कि निर्माण कार्य में काफी कम मात्रा में सीमेंट का प्रयोग किया गया है। जिसके कारण पुल का कुछ हिस्सा टूट गया। उन्होंने कहा कि हम लोगों का आवागमन को लेकर एक मात्र रास्ता यही है। बताया गया कि बहुत बार पुल निर्माण को लेकर आवेदन दिया गया था जिसके बाद किसी तरह से यह पुल बनना शुरू हुआ। अब इस तरह से निर्माण कार्य होने के पहले पुल का हिस्सा टूट जा रहा है तो आने वाले दिनों में यह पुल आवागमन करने वाले लोगों के लिए खतरा साबित भी हो सकता है। साथ ही बड़ी अनहोनी घटित हो सकती है। बताया गया कि फूल पूरी तरह से देखने पर टेढ़ी नजर आ रही है। एक तरफ संवेदक द्वारा पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है वही दूसरी ओर लोगों को सिर्फ ढांचे के रूप में कमजोर पुल बना दिया जा रहा है। आलम यह है कि अब लोग किस पर विश्वास करें। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द निगम से पुल की जांच कर सही तरीके से निर्माण कार्य कराने की मांग की है।

## भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव सता पक्ष और पुलिस प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने सता पक्ष के विधायक और पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए मीडिया से कहा कि राज्य सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग और पुलिस प्रशासन के गठजोड़ के कई प्रमाण गिरिडीह में देखे जा रहे हैं। पुलिस प्रशासन का सत्ता के दबाव में कार्रवाई करना और मौजूदा सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करना लोकतंत्र की व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने के समान है। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य में प्रजातंत्र नहीं बल्कि राजतंत्र चल रहा है। पिछले कुछ महीने पहले पचम्बा बस डिपो का मामला उजागर हुआ था। मामला के उजागर होने पर बौखलाहट में संलिप्त स्थानीय विधायक द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाकर जबरदस्ती आईपीसी 107 के तहत निर्दोष लोहा सिंह उर्फ सुरेश गुप्ता को 3 से 4 महीने तक जेल में बंद करवा दिया गया। वहीं दूसरी ओर, एक दलित गो. विंद दास के साथ सत्ताधारी विधायक, कुछ भू-माफियाओं एवं उद्योग. पतियों द्वारा शोषण किया जा रहा है और जब गोविंद दास इसका विरोध करता है, थाना में मुकदमा दर्ज करवाने के लिए जाता है तो थाना मुकदमा दर्ज नहीं करता है। मजबूरन उसे कोर्ट जाना पड़ता है, कोर्ट के परिवाद पत्र के आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज करती है। मैं सुरेश साव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला प्रशासन से इस बात का मांग करता हूं कि इस शोषित दलित व्यक्ति गोविंद दास को न्याय मिलना चाहिए और दोषी व्यक्तियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होनी चाहिए ताकि इस राज्य में दलित आदिवासी पिछड़ों एवं शोषितों को न्याय मिल सके।

## पार्टीविस्तार को लेकर भाकपा माले करेगी बैठक जल्द होगा गिरिडीह विधानसभा सम्मेलन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह विधानसभा में लगातार भाकपा माले हरेक मुद्दे में पहली पंक्ति में खड़ा रहता है,किसी के मुवावजे की बात हो,सडक हादसे की बात हो, घरेलू हिंसा हो,आंदोलन की बात हो,सड़क पर जनता की आवाज हो,सरकारी योजना में लुटरे के विरुद्ध आवाज बुलंद की बात हो,बिजली,सड़क,पानी की सुवीधा,स्वास्थ की सुवीधा की बात हो, सबसे पहला नाम माले सामने आता है,इसी को देखते हुए जनता अब माले के तरफ अपनी सोच को माले के तरफ तेजी से ले जा रहे है। कुछ सालों से,कोयला मजदूर,बालू मजदूर,सफाई कर्मी,पेयजलकर्मी,किसान,छात्र,सभी मुद्दों पर मुखर बात करते हुए भाकपा माले सभी के दिल और दिमाग मे अपनी जगह बना रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि ज०इनिंग अभी पूरे विधानसभा में तेजी से होगी,इसके लिए टीम का गठ्न हो रहा है,उसी सिल. सिले में कल देर रात सिकदारडीह में लगभग सभी घर के लोग ने भाकपा माले को शपथ लेकर जॉइन किया, गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा,माले के एकलब्य,मिर्तुंजय,विनोद के साथ सिकदारडीह शाम को गए। ज्ञात हो कि सैकड़ो लोगो ने शपथ लिया,इस ज०इनिंग से एक सप्ताह पहले माले के विचार और कार्य पर बहस हुई थी सैकड़ो ग्रामीण इस बहस में सामील थे। इस जॉइनिंग कार्यकम में सिकदारडीह के जे एम एम के निवर्तमान मुखिया प्रति. निधि ठाकुर दास ने भी लाल झंडे के साथ शपथ ली है,उन्होंने कहा कि चारो तरफ लाल झंडे को स्थापित करेंगे। सिकदारडीह ज्यादातर जे एम एम समर्थक रहे है जबकि कुछ इलाके में बी जे पी समर्थक है लेकिन माले के कार्यो को देखकर पूरे आस पास गाँव, बड़ी तेजी से लाल झंडे को स्वीकार कर रहे है,श्री सिन्हा ने कई ऐसे टीम को बनाया है जी वीरोधी दल को सिर्फ कार्य के समय ही दिखता है,अब तो वीरोधी दल के बड़े बड़े नेता श्री सिन्हा पर फर्जी केस के माध्यम से माले को रोकने का प्रयास कर रहे है किंतु माले के अगुवा साथी और मेंबर के बदौलत और गति से काम कर रहा है माले। सिकदारडीह पंचायत के निवर्तमान मुखिया प्रतिनिधि ठाकुर दास और सिकदारडीह के कर्मठ माले कार्यकर्ताओ ने कहा है कि जल्द ही पूरे पंचायत में हम सब कमिटी बनाएंगे। जल्द ही सभी इलाके में माले माले विधायक विनोद सिंह पूर्व विधायक राज. कुमार यादव जिला सचिव पूरन महतो के अलावे घड़ी माले के नेता विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे,जल्द होगा विधानसभा सम्मेलन।

मुख्य रुप से नाशीर शेख ने पहल की थी,मो सलीम,मो मिर्जा,छोटू अंसारी,समीम मिर्जा,मुस. तकीम अंसारी,फिरोज शेख, अफरोज शेख, आलम मिर्जा,कलाम मिर्जा,इरसाद मिर्जा,रिमफू मिर्जा,मो मकबूल अंसारी,मो न०साद,मो अमजद,मो निजाम,मो सज्जाद, मो शमशाद मिर्जा,मो आजाद मिर्जा,मो मेहताब आलम,मो खुर्सीद शेख,मो अकबर अली,ठाकुर रविदास आदि सैकड़ो की सँख्या में जॉइ. निंग हुई है,जल्द आस पास ग्रामीण और शहरी इलाके में जल्द होगा कार्यक्रम।

## जन सवालों पर भाकपा माले ने शुरु किया अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**

**बजरंगी महतो**




गिरिडीह ज़िला में भाकपा माले ने सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा जनता के विभिन्न अधिकारों को लेकर संघर्ष तेज करने के लिए एक अभियान की शुरुआत आज बेंगाबाद प्रखंड के कर्णपुरा से की। अभियान के तहत वहां पंचायत स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों की एक बैठक कर 16 सदस्यीय नेतृत्व कारी टीम का गठ्न किया गया। बैठक की अगुवाई मुस्लिम अंसारी, बाबूलाल चौधरी, सलामत अंसारी, शंकर मोदी आदि ने करते हुए कहा कि, इस पंचायत में जनता की बहुत सारी समस्याएं हैं। इसके समाधान के लिए लोग बड़ी उम्मीद से भाकपा माले की ओर देख रहे हैं। बैठक में मौजूद पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि, अभी पंचायत चुनाव को देखकर तथाकथित समाजसेवियों की बाढ़ सी आ गई थी, लेकिन अब जनता को उनके हाल पर छोड़कर उनमें से अधिकांश समा. जसेवी नदारद हो चुके हैं। आम जनता एक बार फिर अपने ही हाल पर जीने को विवश है। यहां विकास के बजाय कमीशन खोरी के लिए योजना निर्माण को प्राथमिकता दी जाती है। बाहरी माफियाओं के बल पर गरीबों की जमीन हड़पने की लागतार साजिशें हो रही हैं। गरीबों के राशन तक की चोरी हो जा रही है। आम लोगों के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार अभी दूर की कौड़ी ही बनी हुई है। कहा कि, इस स्थिति से उबरने के लिए आम जनता को संगठित होना होगा। इसके लिए सभी गांव/टोलों में जनता के अधिकारों को लेकर जन सुनवाई लगाने तथा ग्राम सभा गठित करने का काम किया जाएगा। घर गांव में होने वाले आपसी विवादों को ग्राम सभा और कमिटियों के माध्यम से ही हल करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। श्री यादव ने विकास के नाम पर लूट मचाने तथा पुलिस व दलालों के बल पर गरीबों की जमीन हड़पने की सा. जिश करने वालों को अपनी हरकतों से बाज आने की भी चेतावनी दी और कहा कि, यदि ऐसा नहीं हुआ तो हमारी पार्टी आम जनता को साथ लेकर सड़क पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी। मौके पर गठित 16 सदस्यीय पंचायत स्तरीय कमिटी का संयोजक मुस्लिम अंसारी को चुना गया जबकि मुख्य रूप से कमरुद्दीन अंसारी, शाहीद अंसारी, सिराज अंसारी, संतोष मोदी, आफताब अंसारी, सलीम अंसारी, हनीफ अंसारी, कयूम अंसारी, नूर मोहम्मद, लाल वीर चौधरी, समसुद्दीन अहमद, मो0 अलाउद्दीन, मोफिद अंसारी, अब्दुल कयूम, समीद अंसारी, जलील मियां, अनीस अंसारी, मुस्ताक अंसारी, तबरेज अंसारी, सद्दाम अंसारी, तस्लीम अंसारी आदि आज की बैठक में मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## होल्डिंग टैक्स में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के विरोध में नगर कमेटी गिरिडीह द्वारा एक दिवसीय धरना


**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज सोमवार को भाजपा गिरिडीह नगर इकाई ने आज अप्रत्याशित वृद्धि के खिलाफ़ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कई लुभावने वादों के साथ सत्ता में आई गठबंधन की सरकार, अब जनता की जेब काटने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सभी मौलिक सुविधाओं की व्यवस्था में कटौती की जा रही है परंतु उन सभी सुविधाओं के लिए लगाए जाने वाले सरकारी कर के दर में बढ़ोतरी की जा रही है। जिले में बिजली, पानी, सड़क एवं शहरी सुविधा का हाल बुरा हो चुका है। लेकिन होल्डिंग टैक्स में लगातार अप्रत्याशित वृद्धि की जा रही है। नगर निगम की बिल्डिंग को तोड़ने का आदेश जारी कर दिया गया है। जिससे नगर निगम भवन से सटे हुए दर्जनों दुकानदारों को हटाया जा रहा है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए इन दुक. ानदारों को हटाने से दर्जनों परिवारों को आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। वहीं नगर निगम भवन से सटे गली में वर्षों से रह कर गुजर बसर कर रहे नगर निगम के सफाई कर्मी के परिवारों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था किए बगैर वहां से हटाया जा रहा है जिससे दर्जनों परिवार बेघर हो जाएंगे। इन्हीं मुख्य मुद्दों के निमित्त आज नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा की अध्यक्षता एवं नगर महामंत्री सिंकू सिन्हा के संचालन में जेपी चौक पर एक दिवसीय धरना आयोजन किया गया और शहर की जनता को मौजूदा सरकार की गति. विधियों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चुन्नू कांत, नगर के प्रथम महापौर सुनील पासवान, जिला महामंत्री संदीप डंगायच, जिला मंत्री नवीन सिन्हा, रागिनी लहरी, संतोष गुप्ता, मनोज संघई, मोतीलाल उपाध्याय, मनोज मौर्या, राजेश जयसवाल, तनुजा सहाय, समीर दीप, अमित पासवान, सुरेश गुप्ता, अजित राम, शंकर प्रजापति, सुरेश सिन्हा, प्रकाश दास, चौता दास, गोविंद तुरी, पीयूष सिन्हा, कुसुम सिन्हा, विजय जी समेत दर्ज़नों लोग उपस्थित थे।

## बिरनी सड़क हादसे में एक कि मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल





**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत आने वाले माखमार्गो चौक पर सोमवार सुबह को सड़क हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक बता दें कि सोमवार की सुबह चार पहिया वाहन मारुति रा. जधनवार की तरफ से सरिया की ओर आ रही थी।विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने आपने चपेट में ले लिया।जिसमें घटनास्थल पर एक कि मौत हो और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचानदलंगी पंचायत के बेहराबाद निवासी रज्जाक अंसारी 55 वर्षीय के रूप में किया गया। और गंभीर रूप से घायल की पहचान खलील अंसारी के रूप में किया गया। वह घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीण पहुंचकर इस घटना को बिरनी पुलिस को जानकारी दिया। वहीं पर बिरनी पुलिस अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल खलील अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी लाया गया जहां ड०क्टर ने प्राथमिक उपचार के लिए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया वह मृतक रज्जाक अंसारी का शव कब्जे में लेकर थाने में लाया और कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया चार पहिया वाहन ने बाइक को ठोकर मारते हुए वहां से फरार हो गया था। हालांकि बिरनी पुलिस ने सरिया पुलिस को जानकारी देते हुए। सरिया पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया और वाहन समेत चालक को गिरफ्तार करके बिरनी थाना ले आया।

## अभाविप ने संत कोलंबा महाविद्यालय के नए प्राचार्य से भेट कर दिया बधाई

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग इकाई के द्वारा जिला संयोजक दीपक देवराज के नेतृत्व में संत कोलंबा महाविद्यालय के नए प्राचार्य डॉ दास को बनने पर पर उनसे आत्मीय भेंट कर उन्हे पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी, मौके पर प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, जिला संयोजक दीपक देवराज, नगर मंत्री मंदीप यादव,प्रदेश जनजातीय सह प्रमुख मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश यादव, बाबूलाल मेहता, शेखर कुमार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे

APEM LIVE

## मदरसा नुरुल उलूम पिहरा में बुख़ारी शरीफ का हुआ आगाज़

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां प्रखण्ड के पिहरा पंचायत में संचालित बहुत ही प्राचीन मदरसा नुरुल उलूम में सोमवार को एक शानदार प्रोग्राम का आयोजन कर बुखारी शरीफ व आलिमा कोर्स का आगाज किया गया। प्रोग्राम में खास तौर पर झारखंड के बेहतरीन आलिम हज़रत मुफ़्ती नजरें तौहीद साहब मजाहिरी, मौलाना मुहम्मद रुस्तम साहब कासमी, हज़रत मौलाना मोहम्मद अकरम साहब कासमी, मौलाना इल्यास साहब मजाहिरी और मशहूर शायर कारी ताबिश रेहान साहब उपस्थित हुए। प्रोग्राम का आगाज मौलाना तासीर साहब नदवी ने कुरआने करीम की तिलावत से की। सभी उलमाए कराम ने बड़ी बेहतरीन अंदाज में मदरसा की जरूरत और उसके फायदे के बारे में बयान किये। वहीं जनाब कारी ताबिश रेहान ने अपनी जादुई आवाज से नाते रसूल पेश किए। प्रोग्राम को कामयाब बनाने में सदर जनाब मास्टर आलिम साहब, मुखिया मो0 सबदर अली, अब्दुल कय्यूम साहब, मौलाना इम्तियाज़ साहब, हाफिज गुलाम सरवर साहब, मुफ़्ती मोजाहिद हुसैन साहब, मो0 छोटू साहब, मोफिज आलम, मोहम्मद शमशाद, मौलाना मो0 शमशीर समेत सैंकड़ों लोगों ने अहम योगदान रहा।

## उरेज मंडा पर्व में भक्तों ने दिया आस्था का परिचय

### मंडा पर्व में झारखंड की संस्कृति झलकती है – रोशन लाल

**अपेम लाइव : बडकागॉंव**
**अमित मालाकार**


दहकते अंगारे पर नंगे पांव चलते भक्त

बड़कागांव : प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत आंगों अंतर्गत ग्राम ऊरेज में शिव उपासना का मंडा पर्व करोना काल के 2 वर्ष बाद धूमधाम के साथ मनाया गया।मेले का आयोजन श्री श्री शिव मंडा पूजा समिति उरेज द्वारा रमन गंझू की अध्यक्षता में किया गया।मंच संचालन जागेश्वर गंझू ने किया।मंडा मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया।मंडा पर्व की इस मौके पर शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी – अपनी आस्था का परिचय दिया।वहीं शिव भक्तों ने अपनी अपनी पीठ पर कील चुभो कर झूला। वही मंडप पर्व को लेकर मैजिकल ग्रुप के कलाकारों के द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।वहीं रोशन लाल चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की मंडा पर आस्था का पर्व है मंडा पर्व में झारखंड के सभ्यता व संस्कृति झलकती है ऐसे ही मेले का आयोजन करते रहें ताकि हमारे क्षेत्र आस्था व संस्कृति से जुड़कर हर्षो. उल्लास के साथ अपना अपना जीवन व्यतीत करते रहें। वहीं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी क०लेश्वर गंझू ने कहा कि पूजा पाठ करने से मन को शांति मिलती है और आस्था व विश्वास के प्रति लगाव बढ़ता है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से नवनिर्वाचित आंगों पंचायत मुखिया नीलम मींज एवं पंचायत समिति सदस्य संगीता कुमारी ने संबोधित किया।मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी जिला परिषद प्रति. निधि गीता देवी, दीपक करमाली, काडंतरी पंसस बचन देव कुमार, बालदेव गंझू मुनेश्वर गंझू पूर्व पंसस केदार महतो, दिनेश करमाली ,विनोद बेसरा ,कृष्णा गंझू , जगनंदन गंझू, श्याम ठाकुर, रामजीत गंझू, जगदीश मुंडा,लक्ष्मी देवी ,मनोज राम, एतवा गंझू ,गोवर्धन गंझू, रीजन मांझी, मीना देवी, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, तेतर गंझू, विनोद खलखो, अरविंद सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

